प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर 21 जुलाई 2022। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय (जून 2022 उत्तीर्ण वर्ष) अध्यनरत 5 विद्यार्थियों का चयन मै. महिंद्रा एण्ड महिंद्रा, मुबंई कम्पनी में किया गया। मै. महिंद्रा एण्ड महिंद्रा, मुबंई द्वारा इस वर्ष प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी विद्यार्थियों के लिए सेवायोजन हेतु साक्षात्कार कर 05 विद्यार्थियों रोहित शर्मा, अंशुल कुमार आर्या, निष्ठा सिंह, सुरज कुमार एवं रूखसार का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष पैकेज रू. 4.75 लाख दिया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की अधिष्ठाता, डा. अलकनन्दा अशोक एवं महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के प्राध्यापक, डा. डी.एस. मूर्ति द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गयीं।

(1) रोहित शर्मा

2; अंशुल कुमार आर्या

(3) निष्ठा सिंह

(4) सुरज कुमार एवं

(5) रूखसार।